05/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

0000000000000000000000

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारत की अमृत पीढी - युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है। एक रिपॉर्ट -

Byte Amrit Peedhi

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर **सिंदूर** का एक पौधा लगाया। यह पौधा उन्हें गुजरात के कच्छ की वीर माताओं और बहनों ने उपहार में दिया, जिन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान असाधारण साहस और देशभक्ति का परिचय दिया था।

0000000000000000000000

आज दुनिया भर में आज “बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन” के थीम के साथ ‘विश्व पर्यावरन दिवस’ का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरुवात वर्ष उन्नीस सौ तीहत्तर को हुई थी। इसी के तहत आज राजभवन ईटानगर में भी राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में भाग लेते हुए नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार आदतें अपनाने और सिंगल यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने का आह्वान किया।

0000000000000000000000

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर, राज्य के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा गोल्डन जुबली बैंक्वेट हॉल, ईटानगर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भाग लेते हुए राज्य में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाई।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश भाजपा इकाई द्वार द्वार ईटानगर में राज्य भाजपा कार्यालय में वैश्विक थीम “प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ”के तहत विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का आयोजन किया। राज्य भाजपा अध्यक्ष कालिंग मोयोंग ने सभा को संबोधित करते हुए 15 अगस्त 2025 तक राज्य में आयोजित किए जाने वाले पर्यावरण कार्यक्रमों की एक व्यापक रूपरेखा की जानकारी दी।

00000000000000000000000

जिला आईसीडीएस सेल, युपिया द्वारा नवनिर्मित **जुवेनाइल जस्टिस होम** में आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इधर राजिव गांधी युनिवर्सिटी में भी इस अवसर पर रीसर्च स्कॉलर्स द्वारा **यूथ मिशन फ़ॉर क्लीन रीवर** के सहयोग से पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

00000000000000000000000

पर्यटन क्षेत्र में सुरक्षा और स्वच्छता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, आज तवांग उपायुक्त कांगकी दारांग के अगुवाई में डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में जागरूकता-सह-व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का आयोजन पर्यटन विभाग, तवांग द्वारा केडीएस जिला अस्पताल, तवांग के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर श्री दारांग ने फ़र्स्ट ऐड नॉलेज के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण जीवन रक्षक साबित हो सकता है।

00000000000000000000000

तवांग ब्रिगेड के कॉन्फ्रेंस हॉल में आज नागरिक-सैन्य समन्वय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए, तवांग ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर एसएम भूपाल सिंह ने आधुनिक दुनिया में सुरक्षा गतिशीलता की विकसित प्रकृति पर जोर दिया।

0000000000000000000000

तूतिंग सब-डिविशन के तहत **जानबो से मिगिंग** तक के कई स्थानों पर लगातार बारिश के कारण हुए बड़े पैमाने पर भूस्खलन के कारण का सड़क संपर्क लगभग एक महीने से पूरी तरह से टूटा हुआ था, जिसे आज यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है। तूतिंग के अतिरिक्त उपायुक्त **पांडोव परमे** की एक रिपोर्ट के अनुसार, लगातार सड़क अवरोध के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

0000000000000000000000

गत मंगलवार को वेस्ट कामेंग जिले के दिरांग सब-डिविजन के बिशुम फुदुंग में एक दुर्लभ और संकटग्रस्त किशोर **हिमालयन ग्रिफ़ॉन गिद्ध** को बचाया गया। पक्षी गंभीर रूप से डिहाईड्रेटेड और कमज़ोर अवस्था में पाया गया।

0000000000000000000000

राज्य में लगातार बारिश के कारण 33 हजार से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। मूसलाधार बारिश से अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण कई अंदरूनी गाँवों से संपर्क टूट गया है। दिबांग वैली जिले में, आथुनली गाँव सबसे ज़्यादा प्रभावित है। दिबांग वैली जिला प्रशासन तालोह नदी के उस पार माउली गाँव में फंसे लोगों तक ड्रोन के ज़रिए खाद्य सामग्री पहुँचाने का प्रयास कर रहा है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के ईस्ट कामेंग, पाके केसांग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, शी-योमी, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, अंजाव, चांगलांग और तिराप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की संभवना है।

000000000000000000000

15 दिसंबर 2024 को चायांग ताजो में दर्ज FIR के आधार पर पुलिस ने ताकोम दादा की हत्या के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ईस्ट कामेंग एसपी कामदाम सिकॉम ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि, जांच के दौरान पता चला की यह बदला लेने के लिए की गई हत्या थी।

0000000000000000000000